<u>प्रेस-नोट थाना सिकरीगंज दिनांक 03-03-2021</u>

<u>हत्या के आरोप में वांछित अभियुक्त 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार</u>

श्रीमान उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के कुशल निर्देशन व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दक्षिणी के मार्गदर्शन मे एवं क्षेत्राधिकारी खजनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिकरीगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-25/2021धारा 302 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त गुड्डु कसौधन पुत्र सजनलाल निवासी कुई बाजार थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर की गिरफ्तारी 24 घण्टे के अन्दर किया गया।

दिनांक 02.03.2021 को डायल 112 की सूचना प्राप्त हुयी कि थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर अन्तर्गत ग्राम हरपुर मे लक्ष्मी पुत्री स्व0 तुफानी निवासी हरपुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर की हत्या हो गयी है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी मय टीम के मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। प्रभावी कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी मय हमराही कर्म0 गण मय पुलिस टीम के संयुक्त प्रयास द्वारा रोकथाम जुर्म जरायम व हत्या के अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अनवरत प्रयासरत रहते हुये मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गुड्डु कसौधन को मुखबिर की सूचना के आधार पर आज दिनांक 03.02.2021 को पिपरी तिराहा से समय 10:30 बजे गिरफ्तार किया गया।

<u>गिरफ्तारी का स्थान व समय</u>-

पिपरी तिराहा के पास दिनांक 03.03.2021 समय 10:30 बजे

<u>बरामदगी जामा तालाशी</u>–

1- 2000रु0 के 1 नोट, 500रु0 के 8 नोट, 20रु0 के 2 नोट कुल 6040 रु0

2- एक अदद मोबाईल एप्पल कंपनी

<u>अभियुक्त</u> -

गुड्डु कसौधन पुत्र सजनलाल निवासी कुई बाजार थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर उम्र 24 वर्ष

<u>आपराधिक इतिहास</u> –

मु0अ0सं0-25/2021 धारा-302 भादवि थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर

<u>गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम का विवरण</u>-

1-थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर

2-का0 विक्रम प्रताप सिंह थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर

3-का0 अरुण कुमार थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर